प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 04.03.2023 जनपद देवरिया।

71 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 के फाइनल मैच के साथ प्रतियोगिता का हुआ समापन,

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा विजेता टीम को किया गया सम्मानित।

आज दिनांक 04.03.2023 को 71 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 के समापन में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री राजेश कुमार सोनकर व क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री जिलाजीत द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए स्वागत किया गया। चौथे दिन फाइनल मैच खेला गया, जिसमें आज फाइनल जीतने वाली पुलिस टीम का विवरण इस प्रकार है, पुरूष वर्ग में जनपद बस्ती व श्रावस्ती पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में जनपद बस्ती 6–5 से विजयी रही, इसी प्रकार महिला वर्ग में जनपद बहराइच व बस्ती के मध्य खेले गये मैच में जनपद बहराइच 3–2 से विजयी रही। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा 71 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 को जितने वाली पुरूष वर्ग में जनपद बस्ती व महिला वर्ग में जनपद बहराईच की पुलिस टीमों को ट्राफी प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उपरोक्त प्रतियोगिता में निर्णायक श्री क्रान्तिदेव यादव, एनआईएस, श्री श्रीराम राज्य स्तरीय निर्णायक, उ0प्र0, श्री रामेश्वर लाल राज्य स्तरीय निर्णायक, उ0प्र0, कु0 पुष्पा राज्य स्तरीय खिलाड़ी फुटबाल, श्री विकास राज्य स्तरीय खिलाड़ी फुटबाल को भी सम्मानित किया गया।